तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 कोई भी परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे : विधायक दीपेश





12 गड़बड़ीः फोन पे और चेक से टैक्स लेकर स्पैरो ने...




## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई डेम इमली झाड के पास दबिश देने पर मकान नंबर 25/2 मैत्री नगर रिसाली निवासी मुकेश मोदी के पास से 13.345 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 07 एमबी 3698 और तिरंगा चौक बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा राज कुमार ठाकुर से 2.172 किलो ग्राम गांजा, स्कुटी सीजी 07 सीजी 4499 (विकलांग वाहन) जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20(ख) 27(क) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अग्रीम कार्यवाही की जा रही हैं। कार्रवाई में आईपीएस व थाना प्रभारी राहुल बसंल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सिम के नाम पर ठगी

**भिलाई।** सिम कार्ड के लिए आधार और बायोमैट3कि के नाम पर फर्जीवाडा करने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवती पर पुलिस ने धारा 419,420 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी गोट्टेमुक्खला रवि ने सेक्टर 6, सड़क 55 रोड़ के किनारे छतरी लगा कर सिम बेचने वाली युवती के पास सिम खरीदने गया। युवती का नाम निशा शेण्डे बताया गया है। युवती ने आधार कार्ड ,लाईफ फोटो बायोमेट्रिक लेकर सिम पीड़ित के बिना जानकारी के अन्य को बेच दिया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम हुई।

### शासकीय स्कूल में चोरी

**भिलाई।** स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात ने सामान पार करने के मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिर्री प्रधान पाठक डाक्टर वर्षा हरि हरनो ने शिकायत किया है कि स्कूल से अज्ञात ने ताला तोड़कर चोरी किया है। जिसकी कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### युवक की मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** एक युवक की लाश निगम भिलाई मुख्यालय के पीछे मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर जांच में लिया है। मौके पर फरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची थी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि निगम मुख्यालय भवन के पीछे युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस ने सब्जी मंडी के व्यापारियों से शिनाख्त कराया गया तो युवक की पहचान पहचान राम नगर निवासी महेन्द्र कश्यप के रुप में हुई है।

# स्काउटिंग अनुशासन से मानव को मिलती है कर्तव्य परायणता की सीख : तोखन साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के साथ उन्हें आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश, समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सिखाता है।

उक्त उदगार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की। गौरतलब हो कि इस कार्यशाला में ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सामान्य संशोधन नए विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर-गाइडर की विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर की समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिले से 200 प्रमुख डिग्रीधारी हिमालय वुड बैज स्काउटर-गाइडर, प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए हैं।

कार्यकम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा और राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव ने किया वही आभार जताया राज्य सचिव कैलाश सोनी ने।

### हिमालय वुड बैज कार्यशाला बिलासपुर में शामिल हुए जिले के स्काउटर



#### छग स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा

उक्त कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले से हिमालय वुड बैज विशेष डिग्रीधारी शामिल हुए। इस दौरान कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिविरों के माध्यम से गतिशील है, चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। जिला स्तर से राज्य स्तर तक और राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और बच्चे बढ़ चढ़ कर सहभागी होकर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं। जिले से शामिल होने वालों में हिमालय वुड बैज विशेष डिग्रीधारी अनिल वर्मा (रोवर विंग), उद्धव कुमार साहू, अनुज कुमार साहू, मनोज कुमार साहू (स्काउट विंग) रहे।

## मौसम

### पेड़ गिरने से कई मार्ग बंद रहे

# तूफान से अंचल में अफरा-तफरी कई पेड़ धराशायी व बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शुक्रवार के दोपहर अचानक मौसम ने रुख बदला और बेमेतरा मुख्यालय तेज आंधी-तूफान की चपेट में आ गया। लगभग 10 मिनट तक चले इस तेज़ तूफान और हल्की बारिश ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अफरा-तफरी मचा दी। कई स्थानों पर पेड़ धराशाई हो गए, बिजली के तार टूटकर जमीन पर गिर गए और कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

बेमेतरा शहर के रायपुर रोड स्थित मंडी के सामने एक बड़ा ग्लोसाइन बोर्ड उड़कर सीधे बिजली के सर्विस तारों में फंस गया था। तारों में विद्युत प्रवाह चालू था जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रही। इसी प्रकार इसी प्रकार नया पारा क्षेत्र में वरुण साहू के मकान के पास गली में एक पेड़ और बिजली का तार जमीन पर गिर चुका है। तार में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे स्थानीय नागरिकों और बच्चों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। बाजारपारा ढीमर गली में भी नीम का एक बड़ा पेड़ तेज हवाओं के कारण गिर गया। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पेड़ के गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया और बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है।







#### ग्रामीण क्षेत्रों में भी नुकसान की खबरें

जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों से भी आंधी-तूफान के चलते पेड़ गिरने, खेतों में नुकसान और बिजली खंभों के गिरने की खबरें सामने आ रही हैं। कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे किसानों और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से तेज हवाओं और वर्षा की संभावना जताई है। ऐसे में जनसुरक्षा के लिए प्रशासन और बिजली विभाग को सजग रहकर त्वरित कार्रवाई करनी होगी। नागरिकों ने मांग की है कि संभावित हादसों से बचाव के लिए तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद की जाए और गिरे पेड़ों व तारों को हटाया जाए।

# सोनपुरी भरदा खार में पुलिस की दबिश 1.50 लाख जब्त, 13 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ थाना साजा एवं सायबर सेल पुलिस टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 17 अप्रैल को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोनपुरी भरदा के बीच खार में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा एवं सायबर सेल पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 13 जुआडियानो 1.छबिसिंह चौहान पिता माधव सिंह चौहान उम्र 34 ▸▸| शेष पेज 13 पर

# मुख्य मार्गों से अस्थायी दुकान, ठेला एवं गुमटियों को हटाया, शिफ्टिंग के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ शहर को अतिक्रमण मुक्त करने प्रशासन का मुख्यालय में अभियान जारी

शुक्रवार नगर पालिका व रेवेन्यू अमला ने शहर के मुख्यमार्गों में अतिक्रमण हटाने एक बार फिर से जागा ओर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी ठाकुर व सिटी कोतवाली प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी के संयुक्त नेतृत्व में हुई। संयुक्त कार्रवाई में अस्थाई दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई है। सड़क पर सामान फैला कर कारोबार कर रहे दुकानदारों को वेंडिंग जोन व आसपास की खाली भूमि में शिफ्ट होने का निर्देश दिए । वहीं शहर के व्यस्ततम मार्ग पर स्थित दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सामनों को रखकर आवागमन को बाधित कर दिया था जिसपर प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती बरती ओर मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराया ।बता दें कि बाजार पारा जाने वाले मार्ग ओर मां शीतला मंदिर मार्ग पर व्यापारियों की मनमानी के चलते शहर के ग्राहकों के साथ-साथ रह वासियों को भी परेशानियों से गुजरना पड़ता है ओर मां शीतला मंदिर मार्ग पर दुकानदारों की मनमानी से आम नागरिक परेशान है दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है व्यापारिक ▸▸| शेष पेज 13 पर

#### मनमानी करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

बार-बार कार्रवाई के बावजूद दुकानदार मनमानी पर उतारू है। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को फिर से सड़क पर दुकान नहीं लगाने की समझाइश दी गई है। निर्देशों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कारवाई के बाद सीएमओ ने बताया कि शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसके कारण आम नागरिकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था आगे भी कारवाई जारी रहेगी।






### कंडम वाहनों से बढ़ी दुर्घटना की आशंका, लोगों के जीवन से खिलवाड़

# बिना परमिट दौड़ रहे मालवाहक व स्कूली बसें, प्रशासन की पोल खुली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

नगर सहित पूरे बेमेतरा जिले में बिना परमिट और बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के मालवाहक वाहन और स्कूल बसें खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं। यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षित वर्ग के लोग भी इस गैरकानूनी कार्य में शामिल हैं। परिवहन विभाग को इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, यहां तक कि कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया, लेकिन कार्रवाई न के बराबर रही। बीते एक माह में नगर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई परिवारों ने अपनों को खो दिया। इसके बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रमुख नामी विद्यालय सहित अन्य स्कूलों की बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जो कि अत्यंत खतरनाक है। विगत दिनों कवर्धा एवं अन्य जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के बाद शासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर लेन-देन के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा। शिकायतों के बाद 17 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अरविंद भगत अपनी टीम के साथ बस स्टैंड पहुंचे, परंतु वहां अधिकतर वाहन पहले से ही गायब मिले। यह संदेह को और गहरा करता है कि कहीं प्रशासन और वाहन मालिकों की मिलीभगत तो नहीं? इस विषय पर यातायात महासंघ के जिला अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी जताई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यदि विभागों ने इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, परिवहन विभाग और पुलिस को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।




#### कार्रवाई जारी रहेगी

चेकिंग के दौरान चार लोगों के ऊपर 4800, 4800 का ऑनलाइन चालान किया गया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अरविंद भगत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला बेमेतरा

## खबर संक्षेप



### पीडीएस भवन से अवैध कब्जा निगम ने हटाया

**भिलाई।** निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पंजीयन क्रं. 1973 वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन के लिए पीडीएस के 2 भवन बनाये गये थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्वसहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के अनुसार पीडीएस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां से टेन्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पीछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था। सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। वहां पर टेंट हाउस के सामग्री, बॉस बल्ली, फर्नीचर, बर्तन इत्यादि थे, भवन के अंदर से खाली कराया गया। जिसमें उसने स्वीकार किया कि गलती हो गई अब मैं दुबारा शासकीय भवन का उपयोग नहीं करूगां। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी आदि मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजा राम रामटेके एमटीआर , रीना जॉन एमटीआर (पैथोलॉजी) और स्टाफ नर्स अंशु अनुपमा जोसफ को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चिकित्सकों ने शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो व डॉ नीली एस कूजूर, वरिष्ठ सलाहकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ आकांक्षा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक बी आर ढोके, सहायक प्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं अनुजा सक्सेना, सहायक प्रबंधक एचआर शीबा थॉमस सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऐसे कार्मिक जो कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए तकनीकी, प्रक्रियात्मक और अनुशासन का पालन करने में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते है, उनके कार्यो को प्रेरित करने और पहचान देने के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

### ब्लेसन को मिला स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब

**भिलाई।** सीजी पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में राज्य स्तरीय सीनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ब्लेसन बॉस्को ने भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब ब्लेसन बॉस्कों को दिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल एरिया में कार्यरत ब्लेसन बॉस्को ने 93 किलों वजन वर्ग समूह में भाग लिया और स्कॉट में 320 केजी, बेंचप्रेस में 180 केजी, डेड लिफ्ट में 275 केजी कुल 775 केजी वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में सभी ग्रुप के स्वर्ण पदक विजेताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अधिक अंक ब्लेसन बॉस्को को मिला।

# विकास कार्यों का खाका लेकर मेयर सहित एमआईसी सदस्यों ने मंत्री से मांगा फंड

## दर्जनभर से अधिक कार्यों के लिए मांगी राशि, मेयर के साथ एमआईसी मेंबर भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्थानीय निकाय के चुनाव में दुर्ग की जनता से लोक लुभावन वादों को पूरा करने निर्वाचित मेयर ने एमआईसी मेंबरों के साथ डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर दुर्ग के विकास का रोडमैप सौंपा हैं। मेयर ने दुर्ग शहर के चौदह विकास कार्यो का एंजेडा बनाकर करीब 127 करोड की राशि स्वीकृत करने की मांग मंत्री से की हैं। नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सर्किट हाउस में शहर के विकास के लिए डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर विकास के विभिन्न कार्यो के लिए राशि देने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान महापौर ने बताया कि, शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण, डब्लू.एम.एम. तथा पेंच रिपेयर कार्यों की अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत दुर्ग शहर के मुख्य मार्गों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण के 14 कार्यों के लिये प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अनुरोध हैं। अधोसंरचना मद अंतर्गत प्रस्ताव के अनुरूप सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति एवं अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, गायत्री वर्मा,रजनीश श्रीवास्तव, संभव जैन सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### इन कार्यों के लिए मांगी गई राशि

इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवन पार्किंग प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग सहित वार्ड 3 व 4 गया नगर, खेल मैदान का विकास व उन्नयन कार्य, वार्ड 18 जवाहर नगर खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य, वार्ड 53 महावीर खेल मैदान पोटिया एवं वार्ड 54 पोटिया दशहरा मैदान स्थित खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग की। वहीं जलकार्य विभाग के तहत पेयजल व्यवस्था करने 3 स्थानों पर पानी टंकी निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट में पम्प व पैनल कार्य, पाइप लाइन विस्तर, पानी टैंकर के अलावा नल कनेक्शन शिफ्टिंग कार्य भी शामिल हैं। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डो में सड़क डामरीकरण डब्लूएमएम तथा पेज रिपेयर के 31 कार्यो अधोसंरचना मद से स्वीकृति की मांग पत्र सौंपा गया।



**शहर के तालाबों का भी होगा सौंदर्यीकरण:** राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत तालाबो के विकास व सौंदर्यीकरण करने हरणाबाँधा तालाब, शक्ति नगर तालाब, कैलाश नगर तालाब,पोलसाय पारा तालाब, बोरसी शीतला तालाब, बघेरा डोगिया तालाब, पुलगांव तालाब, बाधा तालाब उरला सहित कातुलबोर्ड शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दो स्थानों पर शौचालय निर्माण कार्यो के लिए वार्ड 31 पटेल चौक के पास पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए राशि की मांग की है। वहीं वार्ड 30 इदिरा मार्केट में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

## टैक्स वसूली शिविर में करदाताओं की शिकायत से खुल रही पोल, बढ़ रहा गुस्सा

# गड़बड़ी: फोन पे और चेक से टैक्स लेकर स्पैरो ने रिकार्ड में नहीं चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

*पिछले सात साल तक नगरनिगम में टैक्स की वसूली करने वाले स्पैरों कंपनी ने जमकर आर्थिक अनियमितता की हैं। निगम द्वारा लगाए गए शिविर में पीडित पहुंच रहे है। जहां उनके द्वारा स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों को फोन पे और चेक के जरिए भुगतान किए जाने की रसीद दिखाई जा रही है। लेकिन इस राशि को स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों ने रिकार्ड में ही दर्ज नही किया है। रिकार्ड में गडबडी कर लाखों रूपए के आर्थिक अनियमितता किया गया हैं।*

नगरनिगम द्वारा लगाए गए शिविर में अब तक 26 पीड़ति करदाताओं की शिकायत दर्ज कराई हैं। किसी ने फोनपे, तो किसी ने चेक व ऑनलाइन के माध्यम से स्पैरो कम्पनी को टैक्स जमा किया हैं। करदाताओं के पास बकायदा रसीद भी है। गडबडी की पोल खुलने के बाद भी निगम द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं। कार्यवाही के बजाय शिविर के जरिए निगम प्रशासन रिकार्ड सेटलमेंट कराने में लगी हैं। निगम में विगत 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक करदाता पीड़तिों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया गया है। शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद हैं। कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद लेकर पीड़ति करदाता बड़ी संख्या में पहुच रहें है। विगत तीन दिन के शिविर में 26 करदाताओं से स्पैरो कम्पनी द्वारा टैक्स लेने के बाद भी 1 लाख 76584 रुपये की राशि जांच में पेंडिंग बताया जा रहा, जिसका कोई रिकार्ड दर्ज नही हैं।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं। जब राजस्व अधिकारी वार्ड में वसूली करने पहुंच रहे है तो उन्हें करदाता टैक्स भुगतान स्पैरों कंपनी को करने की बात कही जा रही है। जानकारी अनुसार अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं।



### सबूत लेकर पहुंच रहे पीड़ित करदाता

इस मामले की कार्यवाही के लिए करदाताओं से रसीद साथ लेकर शिविर में आने की अपील की है। नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगाया गया है। इस क्रम में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता रहे है।

### इस तरह की आ रही समस्याएं

नगरनिगम के शिविर में निर्णय देवांगन को 16 मार्च 2023 का फोन पे के माध्यम से पैसा दिया गया, लेकिन रिकार्ड दुरूस्त नही हैं। नेमीचंद को 10 जून 2024 पेमेंट ऑनलाइन के माध्यम से दिया गया है। कई प्रकरणों में रसीद भी करदाता लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन स्पैरों कंपनी ने निगम के पंजी पुस्तिका में राशि दर्ज नही की हैं। नेमीचंद को 31 अक्टूबर 2023 पेमेंट आनलाइन के माध्यम से दिया गया है। इन्होने बताया कि, संदीप चन्द्रकर को पैसा देने की बात बताई हैं। कई प्रकरण में रसीद है, लेकिन रिकोड में सो नहीं हो रहा है। अब देखना हैं कि, आगामी 21 अप्रैल तक और कितने शिकायत आएंगे।

### साठ लाख की मिली अब तक गड़बड़ी

जानकारी अनुसार निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि, स्पैरों कंपनी को लेकर अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं। विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव पास किया गया था। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा ऐसी कोई कार्यवाही नही की गई है। बल्कि शिविर के जरिए पीड़ितों से रसीद मांगी जा रही हैं। बता दे कि स्पैरो कंपनी की निविदा समाप्त हो चुकी है। इसके बाद अनियमितता सामने आ रही है।

# अधिवक्ता से ठगी के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला न्यायलय की वरिष्ठ अधिवक्ता को फर्जी सीबीआई अफसर बनकर 41 लाख रूपए ठगने के मामले में गिरफ्तार गुजरात के आरोपी अशरफ खान पिता महबूब भाई कोढिया की जमानत याचिका प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ ने खारिज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया कुमारी फरिहा अमीन को एक वीडियो कॉल आया। जिसमें उसे कहा गया कि, वह दिल्ली सीबीआई ऑफिस से बोल रहे हैं।

एसबीआई बैंक में कुछ खाता धारकों के खाते में 7 करोड रुपए जमा हुए हैं। इसमें एक आपका भी खाता है। आपको तुरंत सीबीआई ऑफिस दिल्ली में उपस्थित होना पड़ेगा। जब पीड़िता परेशान हो गई, तब आरोपियों ने झांसे में लेते हुए उसे अलग-अलग किस्तों में रकम लेना प्रारंभ किया। आरोपियों ने 22 जनवरी से 4 फरवरी के बीच अलग-अलग खातों में पीड़िता से 41 लाख रुपए वसूल कर लिए। इसके बाद फोन को बंद कर दिया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना दुर्ग कोतवाली द्वारा धारा 318(4), 3(5) बीएनएस 05 फरवरी को अपराध पंजीबध्द किया गया। विवेचना के दौरान धारा 318(4), 317(2), 317(4), 61(2)(ए), 3(5) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी अशरफ खान पिता महबूब भाई कोढिया को 30 मार्च को निरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में समक्ष 2 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया।

- 41 लाख रूपए फर्जी सीबीआई बनकर खाते में कराया था ट्रांसफर

आरोपी अभी दुर्ग केन्द्रिय जेल में निरूध्द है। आरोपी ने प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ की अदालत में जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जमानत आवेदन पर न्यायलय ने विचार करते हुए मामले को बेहद गंभीर प्रकृति का मानते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। पीडिता अधिवक्ता कुमारी फरिया अमीन कुरेशी की ओर से अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने जमानत आवेदन का तर्क संगत विरोध दर्ज कराया था।

### जी कामेश्वर ने जीता एक रजत व कांस्य पदक



**दुर्ग।** चौथी खेलो मास्टर्स नई दिल्ली में जी. कामेश्वर जिला दुर्ग ने छत्तीसगढ़ की ओर से 400 मीटर की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक एवं 100 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया। जी. कामेश्वर वर्तमान में पुलिस विभाग जिला दुर्ग में कार्यरत है, छत्तीसगढ़ ओलंपिक स्टार रह चुके कामेश्वर पूर्व में भी कई नेशनल खेलो में पुलिस खेलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कई मेडल जीतकर पुलिस विभाग व राज्य को गौरान्वित किया है। इन्होंने इस सफलता का श्रेय पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला एवं उप पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी निर्मल यादव को दिया है।

# स्मार्ट, अल्ट्रासोनिक सेंसर वाहन, ब्लूटूथ कार और दुर्घटना रोकथाम तकनीक पर रोबोटिक्स कार्यशाला

**भिलाई।** स्कूली छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी पर कार्यशाला सामुदायिक सप्ताह आयोजित की गई है। जहां 10वीं व 12वीं के बच्चों ने विज्ञान के अनोखे प्रयोगों पर आधारित अनेकों नवाचारी प्रोजेक्ट्स और तकनीकों को समझ सकेंगे।



प्रदर्शनी दौरान विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करते हुए बाधा से बचने वाली स्मार्ट गाड़ी, अल्ट्रासोनिक सेंसर के वाहन, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, ब्लूटूथ नियंत्रित कार, इशारे से संचालित वाहन और ड्राइवरों के लिए दुर्घटना रोकथाम तकनीकों को विस्तार से बताया गया। साथ ही वक्ताओं ने स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एटीएल द्वारा \₹सामुदायिक सप्ताह\₹ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्राचार्या सुमिता सरकार एवं एटीएल प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू के नेतृत्व में पांच छात्रों की टीम द्वारा भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के छात्र-छात्राओं के लिए एक रोबोटिक्स प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।

### नवाचार को विकसित करने किया प्रोत्साहित

वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू ने विभिन्न परियोजनाओं का संक्षिप्त तकनीकी विवरण प्रस्तुत किया। साथा ही उपस्थित छात्रों को अपने रचनात्मक विचारों एवं नवाचार को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्र-छात्राओं को अपनी अंतर्निहित प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का सशक्त अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आयोजन के लिए सेक्टर-10 स्कूल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शहर भीषण जलसंकट से जूझ रहा: वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भीषण गर्मी और नियमित जलापूर्ति बाधित होने के चलते दुर्ग शहर के अनेक क्षेत्रों में जलसंकट गहराता जा रहा है। नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकों की सफाई और पंपिंग स्टेशन के रखरखाव के नाम पर जलापूर्ति बंद की गई है। जिससे शहर के दर्जनों वार्डों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नागरिकों को टैंकरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि, सरकार की नाकामी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। पानी की अनुपलब्धता के कारण नागरिकों को सुबह से ही बाल्टियाँ लेकर पंक्ति में लगना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में कई दिनों से पानी नहीं आया है, और जहाँ आ भी रहा है, वहाँ बहुत कम दबाव से परेशानी है। इस संकट की वजह को लेकर वोरा ने कहा कि गर्मी के मौसम की शुरुआत से पहले जलसंकट से निपटने के लिए कोई तैयारी क्यों नहीं की गई। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद पप्पू श्रीवास्तव, कन्या धीमर, लोकेश चक्रधारी और अजीत कुटेल ने प्रभावित वार्ड का निरिक्षण भी किया। शहर के वार्ड 24 से लेकर वार्ड 57 तक के दर्जनों क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

- पूर्व विधायक अरुण वोरा ने चेताया, शहर को पानी दो, नहीं तो उग्र आंदोलन



## पीएम आवास योजना के अंतर्गत किया सर्वेक्षण मोर आवास मोर अधिकार

# छूटे हुए परिवार को आवास देने पखवाड़े में जुड़ेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छुटे हुए परिवार का नाम जोड़ा जाएगा। आगामी तीस अप्रैल तक चलने वाले शिविर में ऐसे हितग्राहियों के नाम एप के जरिए जोडा जा रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत सर्वेक्षण पखवाड़ा ग्राम पंचायत कातरो जनपद पंचायत दुर्ग में आयोजित किया गया।

पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मोर दुआर-साय सरकार आवास प्लस 2.0 ऐप से सर्वे में जोड़ा गया। सांकेतिक रूप से परिवारों का सर्वेक्षण कर ऐप के माध्यम से नाम जोड़ा गया। सांसद विजय बघेल ने बताया कि, जिले में मोर दुआर-साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवारों 30 अप्रैल तक जुड़वा सकते हैं।




### सचिव हड़ताल पर सर्वे का कार्य ठप

जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वे सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। लेकिन पिछले महिनेभर से प्रदेशभर के सचिव हडताल पर है। ऐसे में पीएम आवास का सर्वे कार्य ठप हैं। यही कारण हैं कि प्रशासन आवास सॉफ्ट पोर्टल माध्यम से हितग्राहियों को सर्वे करने प्रेरित कर रही हैं।

### हितग्राही भी कर सकते हैं सर्वे

आवास प्लस 2.0 ऐप से हितग्राही भी एप के माध्यम से सर्वे कर सकते हैं। वही ग्राम पंचायत कातरों जनपद पंचायत दुर्ग में आवास सर्वे पखवाडा का शुभारंभ किया गया। हितग्राही अमरिका, रभा साहू, निर्मला, कुर्ती साहू, कुलन्द्री, खिलेश्वरी देवांगन, प्रेमलाल का एप्प के माध्यम से आवास सर्वे में जोड़ा गया एवं सांकेतिक रूप से परिवार का सर्वेक्षण किया गया। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने बताया कि, राज्य में ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा रही है, जो पूर्व की स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए पात्र परिवारों को योजनांतर्गत लाभ देने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

# एनडीआरएफ ने आपदा से राहत व बचाव का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एनडीआरएफ के द्वारा आपदा से निपटने को लेकर लोगों को सभागार में गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मौके पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू अधिकारी, कर्मचारी मौजूद उपस्थिति थे। नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ कटक ओडिशा की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर विकास शर्मा एवं उनके टीम कर रहे थे। इस दौरान प्रखंड और अंचल कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### 12वीं के छात्राओ ने ली बैंकिंग संबंधी जानकारी

**हरिभमि कवर्धा।** पीएमश्री सेजस पोंड़ी में बैंकिंग के छात्र छात्राओं ने बैंक से संबंधित जानकारियां ली। पीएमश्री समग्र द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस इंश्योरेंस के छात्र छात्राएं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पोंड़ी में इंटरशिप का कार्यक्रम किया गया। वहीं बच्चे बैंक जाकर चेक कैसे भरते है, विड्रोल लाकर रूप, एनएफटी, आरटीजीएस और फॉर्म कैसे फिल किया जाता है तथा खाता कितने प्रकार के होते है इसकी 10 दिन प्रशिक्षण लिया। जिस पर ब्रांच मैनेजर वरूण कुमार द्विवेदी व बैंक कर्मी राजू चंद्रवंशी सभी बच्चे का सहयोग किया। इसी प्रकार हेल्थ केयर के बच्चे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी में 10 दिन का ट्रेनिंग लिया और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## निधन

### छोटन कोसरिया

**बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी छोटन कोसरिया का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. छोटन कोसरिया 85 वर्ष के थें, स्व. श्री कोसरिया सिंचाई विभाग कवर्धा में रिटायरमेंट चौकीदार थे। वही शुक्रवार को ग्राम बरबसपुर स्थित मुक्तिधाम में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर स्व.छोटन कोसरिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**बैठक : सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करें**

# जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के दौरान विभागवार प्राप्त आवेदनों का व्यवस्थित रूप से संकलन कर संबंधित विभाग को निराकरण के लिए भेजे जा रहे अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य स्तर पर संचालित सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का उचित संधारण सुनिश्चित कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए। विभाग के अधिकारी आम जनता की आवेदनों को पढ़े। उनकी मांग और समस्याओं को समझते हुए उचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समय पर उचित समाधान हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों में प्राप्त आवेदनों को अपने निगरानी में परीक्षण करें। विभागों को प्राप्त ऐसे आवेदन जो विभाग से संबंधित नहीं है, ऐसे आवेदनों को अन्य विभाग में स्थानांतरित करने के पूर्व सतर्कता के साथ परीक्षण उपरांत ही वास्तविक विभाग में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत शिकायतों से संबंधित आवेदनों को बेहद गंभीरता से लेवें। निराकरण में संवेदनशीलता का परिचय देवें। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन आवेदनों के अद्यतन स्थिति से अपडेट रहें। उन्होंने शिविर के पूर्व विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण कर लेने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा कि विभागों को मिले सभी आवेदनों के निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। किसी भी आवेदन को बिना परीक्षण किए बगैर अस्वीकृत नहीं करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे आवेदक जिसका निराकरण किया जाना संभव न हो अथवा अपात्रता की श्रेणी में हो, ऐसे आवेदनों को अस्वीकृत करने संबंधी प्रमुख कारणों का उल्लेख करते हुए संबंधित आवेदन को अवगत कराया जाए।

### कलेक्टर ने पीएम आवास योजना का शत-प्रतिशत सर्वेक्षण करने के दिए निर्देश




कलेक्टर श्री वर्मा ने 15 से 30 अप्रैल तक आयोजित मोर द्वार साय सरकार विशेष पखवाड़ा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शत-प्रतिशत सर्वेक्षण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र और अपात्र हितग्राहियों की सूची पारदर्शिता के साथ तैयार की जाए ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिल सके। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी अलर्ट मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिन गांवों या मोहल्लों में हैंडपंप या अन्य पेयजल स्रोत खराब हैं वहां सूचना मिलते ही तुरंत मरम्मत एवं सुधार कार्य प्रारंभ किया जाए। पेयजल संकट को हर हाल में टाला जाए। इसके लिए जनपद पंचायत के सीईओ, नगर पंचायत के सीएमओ, पीएचई विभाग के अधिकारी तथा तकनीकी अभियंताओं के बीच समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



# 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

- माता-बहनों ने नगर भ्रमण कर निकाली भव्य शोभा यात्रा रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कारीमाटी 18 से 28 अप्रैल तक 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ की गई वही नगर भ्रमण कर माताओं व बहनों द्वारा विशाल शोभा यात्रा रैली निकाली गई।

11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन से ग्राम कारीमाटी सहित आसपास के क्षेत्रवासियो में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जिसमें पं जगकुमार शास्त्री महाराज, आचार्य भारतीय सेवा सिपाही वाले द्वारा यज्ञ संपन्न होंगे। श्री लक्ष्मी नारायण पंच कुण्डीय महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा वाचक व्यास पीठ पं भोलेश्वर शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद्भागव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का रसपान ग्रामीणो व भक्तजनों को कराया जाएगा। वहीं यज्ञाचार्य वेद मूर्ति मोहन शास्त्री, वेद मूर्ति राज राजेश्वरी विद्यापीठ वैदिक बाल व्यास श्री काशी वाराणसी उत्तर प्रदेश ग्राम आचार्य पं सुरेंद्र पांडेय, पं चंद्रिका पांडेय, पं ललित शर्मा, पं विद्याभूषण शर्मा, पं रूपनारायण शर्मा, पं अविनाश तिवारी व गोरेलाल शर्मा उपस्थित रहेंगे। इस 11 दिवसीय भव्य पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाने अपील की गई वहीं आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना है।

# शहर मे कम शुल्क में सुविधा जनक जिम का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर की सबसे महत्वपूर्ण जीम कवर्धा इंडोर स्टेडियम जीम का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमे जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक व सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति मे शुभारम्भ किया गया। जीम के प्रबंधक उमंग पाण्डेय ने बताया की उद्घाटन कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा, पूर्व विधायक सियाराम साहू, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चद्रवंशी, पार्षद सभापति अजय ठाकुर, विकास अधिकारी चेतन पाण्डेय, सूरज राजपूत, दीपाली सोनी, राजा जोशी, राकेश साहू, रीना शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी गण उपस्थित थें। अतिथि जनो की उपस्थिति मे भगवान खेड़ापति हनुमान जी महाराज के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर नवीन जीम का उद्घाटन किया गया। संचालक ने बताया की आज जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य स्वस्थ्य रहना है और स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है, लेकिन महंगे जीम होने कारण आम जन जीम ज्वाइन नही करते थे, इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए शहर मे सबसे कम कीमत पर पंजीयन व नाममात्र मेटनेन्स हेतु मासिक शुल्क लेकर सभी जीम उपकरण उपलब्ध करा, सर्व सुविधायुक्त जीम खोला गया है ताकि सभी वर्ग के लोग जीम आकर स्वस्थ्य रह सके। महिला व पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग ट्रेनर की व्यवस्था भी की गई है यह शहर के लिए खेल प्रतिभा व सभी उम्र के लोगो के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

### पीजी कॉलेज में रेडक्रास सोसायटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में संचालित यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को शासकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र तुलेश, शिवा, छत्रपाल द्वारा रक्तदान किया गया, शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी जिला संयोजक बालाराम साहू एवं महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयोजक सहायक प्राध्यापक कृष्णा बंजारे उपस्थित थें। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर कलेंडर, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत किया जाता है।

# मारपीट कर धमकी देने वाले आरोपियों को पंडरिया पुलिस ने धर-दबोचा



- पुलिस प्रशासन की प्रभावी कार्रवाई, गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

शहर व क्षेत्र में बढ़ती अपराध व अपराधिक गतिविधियों में पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में रात्रि को मानस साहू पिता बीनू राम साहू निवासी ग्राम कुम्ही थाना पाण्डातराई द्वारा थाना पंडरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सायं 5 बजे घरेलू सामान लेकर लौट रहा था, तभी ग्राम रेहूटा तालाब के पास जसमीत भारत, सूरज जोशी एवं उनके दो अन्य साथियों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका और मां-बहन की गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं लोहे की पाइप से मारपीट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 70/25 धारा 296, 115 (2), 351 (3), 324 (2) व 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्जकर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह व थाना प्रभारी नितिन तिवारी द्वारा टीम गठितकर त्वरित कार्यवाही की गई। टीम द्वारा संदिग्ध आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ की गई, इस दौरान आरोपियों ने पुनः उत्तेजक भाषा में धमकी देना जारी रखा, जिससे उनके आक्रामक इरादों की पुष्टि हुई। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपियों जिसमें जसमीत भारत निवासी खैरवार खुर्द, थाना चिल्फी सूरज जोशी निवासी भरेवापारा एवं राकेश सूर्यवंशी निवासी बसिया थाना सिरगिट्टी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया।

# गर्मी से राहत के लिए नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश की सराहनीय पहल

- राहगीरों के लिए प्याऊ घर व बेजुबान पशुओं के लिए पानी टंकी की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश द्वारा चिलचिलाती गर्मियों को ध्यान में रखते हुए राहगीरों के लिए शहर के चार स्थलों पर प्याऊ घर व सड़को पर घूमने वाले बेजुबान पशुओं के लिए जगह-जगह पानी का टंकी रखवाया गया। नपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि आज पार्षदो के साथ शहर के आवश्यक व गौचर स्थानों पर जाकर पशुओं के लिए पानी टंकी रखवाया गया तथा शहर के व्यस्तम मार्गो में प्याऊ घर खोला गया है जहाँ चिलचिलाती गर्मी में लोगो को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध रहेगा। इसी तरह बेजुबान पशु जो सड़को पर घूमते रहते है जिसे गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक हो जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए जगह जगह पानी की टंकी रखवाया गया। ताकि गर्मी में पानी की कमी से अनहोनी ना हो। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में मानवता और संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए शहर में राहगीरों और बेजुबान पशुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ में सभापति व पार्षद अजय सिंह ठाकुर, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा, केशरीचंद सोनी, हर्ष खुराना, राकेश साहू उपस्थित थे।

### नगर पालिका क्षेत्र में अब कोई गौ-माता प्यासी नहीं रहेगी : चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा की भगवान स्वयं कहते हैं जीव ही शिव है। इसी भावना को जीवन में उतारते हुए नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में कई स्थानों पर गौ माता के लिए पानी की टंकी रखवाया गया हैं ताकि इस भीषण गर्मी में हमारी गौ माता प्यास से व्याकुल न हो। यह केवल सेवा नहीं, यह हमारी संस्कृति, हमारी श्रद्धा और हमारे धर्म की पुकार है। उन्होंने अपील करते हुए कहा की हम सब मिलकर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। अपने घर के सामने गौमाता के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करे। यही हमारी मानवता की पहचान है।

**हरिभूमि कवर्धा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण सुबह को ही अपना काम-काज निपटा लेते है, ताकि दोपहर की धूप में उन्हे बाहर निकलना ना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी व उमस को देखते हुए दोपहर में क्षेत्र के गली-मोहल्ले व चौंक चौराहों में सन्नाटा पसरा रहता है।

## पेज 11 के शेष

### सोनपुरी भरदा खार में पुलिस की ...

साल साकिन केहका थाना साजा, 2. रामशरण पटेल पिता शांतिलाल पटेल उम्र 55 साल साकिन मासुलगोंदी थाना परपोडी, 3. राकेश जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन उम्र 50 साल साकिन देवकर, 4. डेरहा पटेल पिता गयाराम पटेल उम्र 42 साल साकिन बीडोरा थाना लोहारा जिला कबीरधाम, 5. उबारनदास पिता धनराज सतनामी उम्र 42 साल साकिन धमधा जिला दुर्ग, 6. प्रेमुलाल यादव पिता नम्मू यादव उम्र 25 साल साकिन देवकर थाना साजा, 7. संतोष वर्मा पिता पुनउ वर्मा उम्र 48 साल साकिन तुमडीपार थाना परपोडी, 8. हेमाकुमार चिंतुराम सतनामी उम्र 27 साल साकिन अगार थाना धमधा जिला दुर्ग, 9. राजकुमार साहू पिता बिजेराम साहू उम्र 48 साल साकिन कुकुरमुडा थाना छुईखदान, 10. सफिक खान पिता सफिल खान उम्र 27 साल साकिन परपोडी थाना परपोडी, 11. हरिशंकर मनहर पिता तुलसी राम उम्र 34 साल साकिन जामगांव चौकी देवकर, 12. खेमु सोरी पिता सदाराम सोरी उम्र 31 साल साकिन देउरगांव थाना साजा जिला बेमेतरा, 13. बिरेन्द्र शर्मा पिता शिवकुमार शर्मा उम्र 41 साल साकिन घासीदास नगर वार्ड नं. 23 भिलाई जिला दुर्ग के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 1,44,220/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक सौरभ सिंह, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, मोती जायसवाल, पिलाराम साहू, विनोद सिंह, मुकेश माहिरे, दिनेश निषाद, संतोष धीवर,अमित सिंह, पीयुष सिंह एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भुमिका रही।

### मुख्य मार्गों से अस्थायी ...

प्रतिस्पर्धा के चक्कर में दुकानदार 12 से 15 फीट सड़क पर कब्जा कर व्यापार कर रहे हैं कई बार कार्रवाई के बावजूद दुकानदार मनमानी पर उतारू है ऐसी स्थिति में आम जनों ने इन दुकानदारों का घुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि एक बार कार्रवाई के बाद फिर से यह सड़क पर अतिक्रमण न कर सके।लेकिन अधिकतर बार देखा गया है कि प्रशासनिक टीम जोरशोर से नींद से जागकर शहर के महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण पर प्रशासनिक डंडा चलाते हुए समान जप्ती सहित अन्य कार्रवाई सख्ती करता है परंतु दो चार दिनों के बाद फिर से इन मार्गों का वही हाल व्यापारी बना देते हैं ।

**समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया : दुबे**

# टाटीकसा में मोर द्वार साय सरकार महाभियान की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

राज्य सरकार के मोर द्वार साय सरकार महाभियान अंतर्गत शुक्रवार को नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे ने ग्राम पंचायत टाटीकसा का दौरा किया। ग्रामवासियों ने उनका पारंपरिक तरीके से सीताराम धूनी से अगवानी कर भव्य स्वागत किया और पंचायत भवन तक ले गए। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती संगीता साहू ने गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया। उन्होने पंचायत भवन में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाभियान की शुरुआत हमारे ग्राम से होना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने टाटीकसा को धान खरीदी केंद्र के रूप में चयनित किए जाने पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार भी जताया। इस अभियान के दौरान कल्याण सिंह पिता गंगाधर धुर्वे और धन कुंवर पिता गंगू रजक के घरों का आवास प्लस सर्वे किया गया। रोशन दुबे ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह महाभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्राथमिकता से काम किया जाएगा। वहीं गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। रोशन दुबे ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उप सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, निरा साहू, बंशी रजक, मोहित रजक, ग्राम पटेल कलाराम साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामगोपाल द्विवेदी, रोजगार सहायक गुमान सिन्हा, आवास मित्र हेमकांत साहू, अश्वनी साहू, रूपसिंह धुर्वे, मनीराम धुर्वे, मनीराम नेताम, इतवारी रजक, कांता साहू, खोरबहारा साहू, अशोक धुर्वे, गिरीराज सेन, प्रदीप साहू, धनीराम रजक, कुमान साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुणे में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल होंगे 132 व्याख्याता

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता' भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छ. ग., रायपुर द्वारा पीएमश्री योजना के अंतर्गत, शिक्षकों की गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित है। इस कार्यशाला में आशीष गौतम, पीएमश्री समन्वयक, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे प्रस्थान करेगी। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। कार्यशाला में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दुर्ग संभाग से राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, कवर्धा, खैरागढ़ छुई खदान, मोहला-मानपुर-चौकी जिलों के 36 व्याख्याता भागीदारी देंगे। बेमेतरा जिले से अपने विद्यालय में सक्रिय 7 व्याख्याताओं का चयन इस कार्यशाला हेतु किया गया है, उनमें स्मृति अग्रवाल, व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री राठी बेमेतरा, सुश्री तनु रिया वर्मा विज्ञान, पीएमश्री मारो, श्रेयांस शर्मा, व्याख्याता जीव विज्ञान थानखम्हरिया, भावना वैष्णव, व्याख्याता जीव विज्ञान नवागढ़, मंजूषा चंद्रवंशी व्याख्याता जीव विज्ञान देवरबीजा, अंजू वर्मा व्याख्याता रसायन देवकर, यागवेंद्र डिक्सेना व्याख्याता भौतिकी बेरला है। इन सभी के चयन पर उनके विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्र बिलासपुर रवाना




**बेमेतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशा पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय सेजेस शिवलाल राठी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का द्वितीय चरण का एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरि झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भ्रमण के लिए रवाना किया। एक्सपोजर विजिट के तहत विद्यार्थियों ने बिलासपुर जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम रतनपुर पहुंचकर माता महामाया के प्राचीन मंदिर का दर्शन किया एवं मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने वंडर वर्ल्ड में विश्व के सात आश्चर्यों के मॉडल देखकर वैश्विक धरोहरों के प्रति रुचि एवं ज्ञान अर्जित किया। भ्रमण का अंतिम पड़ाव कानन पेंड्रा रहा, जहां विद्यार्थियों ने विविध वन्य जीवों को समीप से देखा। इस दौरान मछली घर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां रंग-बिरंगी मछलियों और जलजीवों की विविधता ने बच्चों को अत्यंत प्रभावित किया। यह शैक्षिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि उन्हें अपने प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों से भी परिचित कराया।

## अभियान : पीएम आवास योजना 2.0 के तहत 'मोर दुआर-साय सरकार' महाभियान का शुभारंभ

# कोई भी परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे : विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 'मोर दुआर – साय सरकार' महाभियान की शुरुआत हो चुका है। इस महाभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल तक क्षेत्र में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र ग्रामीण परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। विधायक दीपेश साहू ने ग्राम पंचायत निनवा व देवरबीजा का दौरा कर स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य में भाग लिया।

उन्होंने ग्राम निनवा में सुखबती साहू तथा ग्राम पंचायत देवरबीजा में सरिता यादव एवं समझ बाई साहू के घर जाकर 'आवास प्लस 2025 (2.0)' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वे किया और हितग्राहियों से उनकी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र परिवार को पक्का, सुरक्षित और गरिमापूर्ण आवास प्राप्त हो। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण का सपना साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हमारी सरकार इस अभियान को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेरा स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित न रहे। सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हर परिवार को पक्का मकान मिले। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### विधायक पहुंचे हितग्राहियों के घर, किया सर्वेक्षण



### पीएम आवास सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित : कल्पना



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में जिलेभर में सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जो भी ग्राम पंचायत 100 प्रतिशत सर्वे का कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करेगी, उसे जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कल्पना योगेश तिवारी ने शुक्रवार बोरसी, भालेसर, हरदी और पिरदा ग्राम पंचायतों का दौरा किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के घरों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन ग्रामों में अब तक लगभग 80% हितग्राहियों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि कुछ आवासों की किश्तें तकनीकी कारणों से अटकी हुई हैं।उन्होंने कहा, /"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्पष्ट संदेश है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। इस योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचना चाहिए।/" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष सघन सर्वे अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कल्पना तिवारी निर्माणाधीन आवासों की पूजा-अर्चना में भी शामिल हुईं, जिनमें ग्राम पिरदा की प्रभा बाई धीवर और गणेशिया धीवर, ग्राम भालेसर की लगनी निषाद और ग्राम हरदी के मनहरण पाटिल के मकान शामिल हैं। सर्वे कार्य में बेरला जनपद सीईओ शिशिर शर्मा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित जनपद सदस्य निहाल परगनिहा, राजेश पाल (हरदी), बोरसी सरपंच हेमंत झल्ला वर्मा, पूर्व सरपंच अशोक पांडेय, देवेंद्र साहू, खिलू साहू, राजू वर्मा (टेलर), बीरेंद्र साहू, खिलेश्वर वर्मा, मंत्री पाल, सरपंच भालेसर प्रेमलाल साहू, मनोहर राकेश, संतोष वर्मा मंजू परगनिहा (सहायिका), हीरा साहू, कुश निषाद, अनुज राम साहू, मुकेश वर्मा, गजेंद्र निषाद शामिल थे।

### शासन की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक सीधे पहुंचे : मधु



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजना मोर द्वार साय सरकार के अंतर्गत शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ग्राम पंचायत झाल पहुँचीं। यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास प्लस) के तहत चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा की और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ जानीं। उन्होंने हितग्राही कांति साहू एवं धान बाई साहू के आवास स्थलों का सर्वे भी किया। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से पात्र होते हुए भी आवास सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। इस पर मधु रॉय ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

- आवास प्लस का सर्वे करने पहुँचीं जिला पंचायत सदस्य
- जिनके पास पक्के मकान नहीं है, उन्हें प्राथमिकता से आवास दिलाना हमारी जिम्मेदारी

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मोर द्वार साय सरकार का उद्देश्य यही है कि शासन की योजनाएं हर ज़रूरतमंद तक सीधे पहुँचें और हर व्यक्ति को उसका हक़ मिले। जिनके पास पक्का मकान नहीं है, उन्हें प्राथमिकता से आवास दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।इस दौरान ग्रामवासियों ने सड़क, राशन वितरण, पेंशन तथा जल आपूर्ति से जुड़ी अन्य समस्याएं भी रखीं, जिनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देश अधिकारियों को दिए गए। ग्राम पंचायत झाल की सरपंच खेमकली ललित साहू ने कहा कि हमारे ग्राम में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें आज भी पक्के मकान की आवश्यकता है।

जिला पंचायत सदस्य के दौरे से हमें उम्मीद है कि अब इन जरूरतमंदों को प्राथमिकता से लाभ मिलेगा। मोर द्वार साय सरकार जैसी पहल से शासन और ग्रामीणों के बीच की दूरी कम हो रही है, जिससे योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुँच रहा है। कार्यक्रम में एडीओ चन्द्रभान बंजारे, उपसरपंच नंदकुमार साहू, चंचल निषाद, नेहा कुर्रे, मोंगरा अनंत, उन्नति गोयल, दीपा साहू, कामेश्वरी साहू, पार्वती साहू, भागवत साहू, तिलक साहू, राजेन्द्र साहू, बिंदा साहू, मोहन साहू, केशव साहू, प्रेमलाल अनंत, सोनू साहू, जगदीश अनंत, साधराम साहू, गयाराम साहू, आनंद साहू, चंद्रिका साहू, कपिल साहू, छेदीलाल साहू, बलदू राम, जीवन साहू, एहू राम, दिलीप साहू, हगरु राम, भोला राम, रामकुमार साहू, कुमार गौटिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सेजेस स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, विभिन्न क्षेत्रों की ली जानकारी



**बेरला।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बेरला की छात्र-छात्राओं ने विभिन्न चरणों में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की। पहले चरण में मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा साइंस सिटी का भ्रमण किया। इसके अलावा विज्ञान के बारे में नई-नई रोचक जानकारी वहां पर मॉडल के माध्यम से प्राप्त की, द्वितीय चरण के शैक्षणिक भ्रमण में 17 अप्रैल को हाय एवं हायर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बिलासपुर के वंडर वर्ल्ड एवं ऐतिहासिक स्थल रतनपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां विद्यार्थियों ने दुनिया के सात आश्चर्य को मॉडल के माध्यम से देखा एवं उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तारतम्य में विद्यार्थियों को अपने देश के ऐतिहासिक धरोहर एवं स्थल की जानकारी प्राप्त हुई।

उन्होंने रतनपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस पूरे भ्रमण का संचालन प्राचार्य अर्चना साव, व्याख्याता मनोज शर्मा, डिक्सेना, किरण साहू, अनुराधा द्विवेदी, बीपी साहू, नीतू कौशिक, नागेंद्र तोंद्रे योगेश, राकेश साहू, विभाष जनार्दन, बलवंत एवं गोमती साहू के द्वारा एक व्यवस्थित टीम बनाकर लगभग 150 बच्चों को बहुत ही सुंदर तरीके से भ्रमण कराया।

# नौ दिनी पर्जन्य यज्ञ के तहत पंचामृत से किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

श्रीराम मंदिर परिसर में जारी नौ दिवसीय पर्जन्य यज्ञ के अंतर्गत शुक्रवार को शिव महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वर्षा की कामना के साथ भगवान शिव की आराधना की गई।

- पर्जन्य यज्ञ में गूंजे वैदिक मंत्र, रुद्राभिषेक से शिवमय हुआ वातावरण



रुद्राभिषेक के विशेष अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक पंचामृत—दूध, दही, शहद, घी और शुद्ध जल—से विधिवत किया गया। तत्पश्चात बिल्वपत्र, पुष्प, चंदन, भस्म और धूप-दीप अर्पित कर भगवान रुद्र की स्तुति की गई। पुरोहितों द्वारा एक स्वर में रुद्राष्टाध्यायी, महामृत्युंजय मंत्र और शिवार्चन मंत्रों का पाठ करते हुए भक्तों को ध्यान, भक्ति और आराधना में लीन कर दिया। संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया। यज्ञ के प्रमुख संरक्षक महंत सुरेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन और आध्यात्मिक ऊर्जा के संरक्षण हेतु वैदिक परंपराओं का निर्वहन अत्यंत आवश्यक है। यह यज्ञ लोकमंगल और पर्यावरण शुद्धिकरण का माध्यम है। यज्ञाचार्य पं. रविन्द्र शर्मा ने जानकारी दी कि ऋग्वेद के पर्जन्य सूक्तों के माध्यम से मेघों का आह्वान किया जा रहा है। पूर्ण शास्त्रोक्त विधि से यज्ञ, हवन, रुद्राभिषेक और संकीर्तन संपन्न हो रहा है, जो वर्षा हेतु अनुकूल वातावरण निर्माण करता है। इस दौरान यजमान शिवनारायण पाठक, मिंटू बिसेन, श्रीकांत शर्मा, लक्ष्मीचंद जैन, रामनारायण पाठक, विनोद मिश्रा, तुलसीराम चौहान, खेलन यादव, रामनाथ ध्रुव आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### 21 अप्रैल को समापन

गौरतलब है कि यह नौ दिवसीय पर्जन्य यज्ञ 21 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु व सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

# महाराणा प्रताप जयंती व प्रतिमा अनावरण 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

आगामी 9 मई को नवागढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। इस आयोजन में प्रमुख अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह को लेकर सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा रायपुर प्रवास पर दोनों प्रमुख अतिथियों को आयोजन में आमंत्रित किया गया, जिसे दोनों ही अतिथियों ने सहर्ष स्वीकार किया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की सहमति दी। समाज के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बताया कि महाराणा प्रताप जी की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह केवल एक ऐतिहासिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज की एकता और समृद्धि का प्रतीक होगा। इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी स्वजातीय बंधुओं पर डाली गई है, और समाज के सभी सम्मानित सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल होंगे। निमंत्रण देने के दौरान बजरंग सिंह गैस, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, युवराज ठाकुर, मिंटू बिसेन, अश्वनी ठाकुर, गणेश सिंह ठाकुर, सोन सिंह ठाकुर, सोम ठाकुर, पृथ्वी ठाकुर, पप्पू ठाकुर, और वीरेश ठाकुर शामिल हुए।

### समाजिक एकजुटता का प्रतीक

उपरोक्त जानकारी देते हुए युवराज सिंह ठाकुर ने इस आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह एक अवसर है जब हम सभी समाज के सदस्य अपनी एकता और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना सकते हैं। यह केवल महाराणा प्रताप के सम्मान का प्रश्न नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता और गौरव का प्रतीक होगा। समाज में इस आयोजन को लेकर अत्यधिक उत्साह है और सभी का मानना है कि यह कार्यक्रम नवागढ़ में एक नई ऐतिहासिक पहचान बनाने में सफल होगा, जो न केवल समाज की एकता को मजबूत करेगा बल्कि महाराणा प्रताप जी के अद्वितीय बलिदान और साहस को भी सम्मानित करेगा।

# स्काउट-गाइड ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर की सेवा




**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के स्काउट्स गाइड्स दल द्वारा इस भीषण गर्मी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वाले आमजनों को शीतल जल पिलाने का सेवा कार्य राज्य मुख्यालय के द्वारा निर्धारित तिथि को प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन द्वारा सभी शिक्षकों एवं स्काउट गाइड उपस्थिति में शुभारंभ किया।

उद्घाटन अवसर पर स्काउट्स गाइड्स ने नींबू की शिकंजी व जलज़ीरा पिलाकर शीतल जलसेवा की शुरूआत की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन ने सभी स्काउट गाइड को /"सेवा परमो धर्मः/" के सूत्र में चलने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मानव धर्म सेवा और सहयोग पर बल देता है। जन सहयोग से इस जल सेवा के पुनीत कार्य को राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा निर्धारित समयावधि तक नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। ग्राम के समाज सेवी व प्रमुख नागरिकों के सहयोग से शर्बत और शीतलता प्रदान करने वाले शीतलपेय से राहगीरों की प्यास बुझाने का सेवा निरंतर चल रहा है। वरिष्ठ स्काउट लीडर उद्धव कुमार साहू, गाइड कैप्टन नीता साहू के साथ सभी स्काउट गाइड जलसेवा में पूरे उत्साह से अपनी सहभागिता दे रहे हैं। कार्यक्रम का भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बेमेतरा ने और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने इस सेवा कार्य के लिए टीम को बधाईयाँ व शुभकामनाएं दी है।

### धर्म प्रचारक मंडल प्रयागराज के तत्वावधान में लीला जारी

# दर्रीपारा के श्रीराम लीला महोत्सव में राम सीता विवाह की झांकी ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के दर्री पारा में धर्म प्रचारक मण्डल प्रयागराज के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव के अंतर्गत सोमवार रात श्रीराम और सीता के विवाह का भव्य आयोजन हुआ।

इस पावन प्रसंग को देखने के लिए बड़ी की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। रामायण की इस मंगलमय लीला को जीवंत रूप में मंचित होते देख दर्शक भावविभोर हो गए। विवाह समारोह की शुरुआत जयमाल कार्यक्रम से हुई, जिसमें राम और सीता ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद सप्तपदी, फेरे और कन्यादान जैसी



रस्मों का अद्भुत मंचन किया गया। पूरे मंच को जनकपुरी और अयोध्या की थीम पर सजाया गया था, जो दर्शकों को रामायण काल की अनुभूति करा रहा था। श्रीराम लीला समिति के सदस्य कृष्णा प्रसाद ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि समाज में संस्कारों और मर्यादा की भावना भी जागृत करना है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में लक्ष्मण-शक्ति, हनुमान संजीवनी और रावण वध जैसे प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। वार्ड पार्षद जीवन सिंहा ने आयोजकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को समाज में आवश्यक बताया। राम-सीता विवाह की लीला ने सभी के हृदय को भक्तिभाव से भर दिया और वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।

इस दौरान राजेन्द्र मिश्रा, संजय सिन्हा, शत्रुहन निर्मलकर, छन्नू यादव, तुलसीराम चौहान, शिव सिन्हा, चैनसिंह यादव, नेतराम साहू, संदीप यादव, राकेश पाल सहित नगरवासी उपस्थित रहे।




नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411